रजिस्ट्री सं. डीएल—(एन)-04/0007/2003—05 REGISTERED No. DL—(N)-04/0007/2003—05

भारत का राजपत्र
The Gazette of India

साप्ताहिक/WEEKLY

प्राधिकार से प्रकाशित

PUBLISHED BY AUTHORITY

सं. 20] नई दिल्ली, शनिवार, मई 20—मई 26, 2017 (वैशाख 30, 1939)

No. 20] NEW DELHI, SATURDAY, MAY 20—MAY 26, 2017 (VAISAKHA 30, 1939)

इस भाग में भिन्न पृष्ठ संख्या दी जाती है जिससे कि यह अलग संकलन के रूप में रखा जा सके

(Separate paging is given to this Part in order that it may be filed as a separate compilation)

भाग III—खण्ड 4

[PART III—SECTION 4]

[सांविधिक निकायों द्वारा जारी की गई विविध अधिसूचनाएं जिसमें कि अधिसूचनाएं, आदेश, विज्ञापन और सूचनाएं सम्मिलित हैं]

[Miscellaneous Notifications including Notifications, Orders, Advertisements and Notices issued by Statutory Bodies]

राष्ट्रीय आवास बैंक

नई दिल्ली-110003, दिनांक 3 फरवरी 2017

सं. एनएचबी.एचएफसी.एआर-डीआईआर.1/एमडीएंडसीईओ/2016—राष्ट्रीय आवास बैंक इसे सार्वजनिक हित में आवश्यक समझते हुए और इस बात से संतुष्ट होते हुए कि देश में इसके लाभ के लिए, आवास वित्त प्रणाली को विनियमित करने में राष्ट्रीय आवास बैंक को समर्थ करने के प्रयोजन से, निम्नलिखित निर्देश आवश्यक है और एतद्द्वारा राष्ट्रीय आवास बैंक अधिनियम, 1987 (1987 का 53) की धारा 33 की उप-धारा (1ए) द्वारा प्रदत्त शक्तियों तथा इस दिशा में सभी सामर्थ्यकारी शक्तियों का प्रयोग करते हुए निम्नलिखित निर्देश विनिर्दिष्ट करता है।

1. निर्देशों का लघु शीर्षक, प्रारंभ एवं प्रयोजनीयता

(i) इन निर्देशों को "आवास वित्त कंपनी - लेखा परीक्षक रिपोर्ट(राष्ट्रीय आवास बैंक) निर्देश, 2016" के नाम से जाना जाएगा।

(ii) जब तक राष्ट्रीय आवास बैंक द्वारा निर्देशित न हो, ये निर्देश आवास वित्त कंपनी (एनएचबी) जो आवास वित्त कंपनी (एनएचबी) निर्देश, 2010 के अनुच्छेद 2(1) (एम) में परिभाषित है, के प्रत्येक लेखा परीक्षक को लागू होंगे।

(iii) ये निर्देश तत्काल प्रभाव से लागू होंगे।

2. लेखा परीक्षक द्वारा निदेशक मंडल को अतिरिक्त रिपोर्ट प्रस्तुत करना

आवास वित्त कंपनी की किसी भी दिन को समाप्त होने वाले प्रत्येक वित्तीय वर्ष के लिए अथवा इन निर्देशों के आरंभ होने के पश्चात जांचे गये लेखाओं पर, लेखा परीक्षक द्वारा कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 143 के अधीन दी रिपोर्ट के अलावा लेखा परीक्षक, निदेशक मंडल को अनुच्छेद 3 एवं 4 में विनिर्दिष्ट विषयों पर अलग रिपोर्ट भी देगा।

3. निदेशक मंडल को लेखापरीक्षक की रिपोर्ट में शामिल किए जाने वाले मामले

आवास वित्त कंपनी के लेखाओं पर लेखा परीक्षा रिपोर्ट में निम्नलिखित विषयों पर विवरण शामिल होंगे, यथा:-

(ए) सभी आवास वित्त कंपनियों के मामले में

I. राष्ट्रीय आवास बैंक द्वारा अनुदत्त वैध पंजीकरण प्रमाणपत्र (सीओआर) के बिना आवास वित्त गतिविधि संचालित करना राष्ट्रीय बैंक अधिनियम, 1987 के अध्याय VII के अधीन एक अपराध है। इसलिए, अगर कंपनी, जो मुख्य रूप से या जिसके प्रमुख उद्देश्यों में से, प्रत्यक्ष अथवा अप्रत्यक्ष तौर पर हो, आवास हेतु वित्त प्रदान करने का कारोबार करना है,तो इसके लिए लेखा परीक्षक इसकी जांच करेगा कि क्या कंपनी ने राष्ट्रीय आवास बैंक से पंजीकरण प्रमाणपत्र (सीओआर) प्राप्त किया है।

II. क्या कंपनी, चुकता अधिमान शेयरों जोकि अनिवार्य रूप से साम्य पूंजी में संपरिवर्तनीय है, के सहित, 1987 के राष्ट्रीय आवास बैंक अधिनियम की धारा 29ए के अधीन यथा निर्धारित अपेक्षित निवल स्वाधिकृत निधि (एनओएफ) की अपेक्षा को पूरा कर रही है।

(बी) सार्वजनिक जमा स्वीकार/धारण करने वाली आवास वित्त कंपनियों के मामले में

उपरोक्त (ए) में परिगणित विषयों के अलावा लेखा परीक्षक निम्नलिखित विषयों पर विवरण शामिल करेगा, यथा:-

(i) क्या आवास वित्त कंपनी ने राष्ट्रीय आवास बैंक अधिनियम, 1987 की धारा 29सी का अनुपालन किया है;

(ii) क्या आवास वित्त कंपनी सार्वजनिक जमा निम्नलिखित उल्लिखित अन्य उधारियों के साथ स्वीकार करती हैं यथा
   (ए) जनता से अप्रतिभूत अपरिवर्तनीय डिबेंचर/बंध पत्रों के निर्गम द्वारा;
   (बी) अपने शेयरधारकों से (यदि वह पब्लिक लिमिटेड कंपनी है); एवं
   (सी) जो आवास वित्त कंपनी (एनएचबी) निर्देश, 2010 में 'सार्वजनिक जमा' की परिभाषा से बाहर नहीं हैं
   आवास वित्त कंपनी (एनएचबी) निर्देश, 2010 के उपबंधों के अनुसार कंपनी के लिए स्वीकार्य सीमा के भीतर हैं;

(iii) क्या आवास वित्त कंपनी द्वारा, आवास वित्त कंपनी (एनएचबी) निर्देश, 2010 के उपबंधों के अधीन ऐसी अनुमत जमाराशियों की मात्रा से अधिक, धारित सार्वजनिक जमा को उक्त निदेशों में प्रदत्त तरीके में विनियमित किया है;

(iv) क्या आवास वित्त कंपनी किसी अनुमोदित ऋण रेटिंग एजेंसी से न्यूनतम निवेश ग्रेड ऋण रेटिंग के बिना 'सार्वजनिक जमा' स्वीकार/धारण कर रही हैं;

(v) उपरोक्त खंड (iv) में संदर्भित आवास वित्त कंपनी के संदर्भ में,
   (ए) क्या प्रत्येक सावधि जमा योजनाओं की ऋण रेटिंग जो आवास वित्त कंपनी (एनएचबी) निर्देश, 2010 में उल्लखित ऋण रेटिंग एजेंसियों में से एक द्वारा निर्दिष्ट की गयी है, प्रवृत्त है; एवं
   (बी) क्या वर्ष में किसी भी समय पर बकाया जमा की कुल राशि ऐसी ऋण रेटिंग एजेंसी द्वारा विनिर्दिष्ट सीमा से अधिक है;

(vi) क्या आवास वित्त कंपनी ने जमा राशियों के ब्याज एवं/अथवा मूलधन की राशि अपने निदेशकों के प्रति ऐसा ब्याज एवं/अथवा मूलधन देय हो जाने पर भुगतान करने में चूक की है;

(vii) क्या आवास वित्त कंपनी की कुल उधारियां आवास वित्त कंपनी (एनएचबी) निर्देश, 2010 के अनुच्छेद 3(2) के अधीन निर्धारित सीमा के भीतर हैं;

(viii) क्या आवास वित्त कंपनी ने आय अभिज्ञान मान्यता, लेखांकन मानक, आस्ति वर्गीकरण, मूल्य की तुलना में ऋण अनुपात, प्रावधानीकरण अपेक्षाएं, तुलन पत्र में प्रकटीकरण, भू संपदा में निवेश, पूंजीबाजार में निवेश एवं दलालों की नियुक्ति, एवं ऋण निवेशों का संकेन्द्रण जो आवास वित्त कंपनी (एनएचबी) निर्देश, 2010 में विनिर्दिष्ट हैं, का अनुपालन किया है;

(ix) क्या पूंजी पर्याप्तता अनुपात जो आवास वित्त कंपनी (एनएचबी) निर्देश, 2010 के संबंध में राष्ट्रीय आवास बैंक को प्रस्तुत अनुसूची-II विवरणी में प्रकटीकरण किया गया है, सही रूप में अवधारित है एवं क्या ऐसा अनुपात उसमें विहित जोखिम भारित आस्ति अनुपात (सीआरएआर) के प्रति न्यूनतम पूंजी के अनुपालन में है;

(x) क्या आवास वित्त कंपनी ने राष्ट्रीय आवास बैंक को निर्धारित अवधि के भीतर अनुसूची-II विवरणी प्रस्तुत की है जो आवास वित्त कंपनी (एनएचबी) निर्देश, 2010 में विनिर्दिष्ट है;

(xi) क्या आवास वित्त कंपनी ने तरल संपत्ति अपेक्षा का अनुपालन किया है जो राष्ट्रीय आवास बैंक द्वारा राष्ट्रीय आवास बैंक अधिनियम, 1987 की धारा 29बी एवं आवास वित्त कंपनी (एनएचबी) निर्देश, 2010 के अनुच्छेद 14 एवं 15 में विनिर्दिष्ट अपेक्षाओं के अधीन शक्तियों का प्रयोग करते हुए विहित किया है;

(xii) क्या आवास वित्त कंपनी ने राष्ट्रीय आवास बैंक को निर्धारित अवधि के भीतर सांविधिक तरल परिसंपत्तियों पर अनुसूची-III विवरणी प्रस्तुत की है जो आवास वित्त कंपनी (एनएचबी) निर्देश, 2010 में विनिर्दिष्ट है;

(xiii) क्या, नई शाखाओं/कार्यालयों को खोलने के मामले में अथवा मौजूदा शाखाओं/कार्यालयों को बंद करने के मामले में आवास वित्त कंपनी ने आवास वित्त कंपनी (एनएचबी) निर्देश, 2010 में निहित अपेक्षाओं का पालन किया है;

(xiv) क्या आवास वित्त कंपनी ने आवास वित्त कंपनी (एनएचबी) निर्देश, 2010 के अनुच्छेद 38 एवं 38 ए में अंतर्विष्ट उपबंधों का पालन किया है;

(xv) क्या आवास वित्त कंपनी ने सार्वजनिक जमा की स्वीकृति, सार्वजनिक जमा की अवधि, संयुक्त सार्वजनिक जमा, सार्वजनिक जमा आमंत्रित करने वाले आवेदन पत्र में उल्लिखित किए जाने वाले ब्योरे, ब्याज दर तथा दलाली और अतिदेय सार्वजनिक निक्षेपों की अधिकतम सीमा, परिपक्वता से पूर्व सार्वजनिक जमाओं का नवीकरण, पर प्रतिबंध के तहत निहित प्रावधान जो आवास वित्त कंपनी (एनएचबी) निर्देश, 2010 में उपबंधित हैं का उल्लंघन किया है।

(सी) सार्वजनिक जमा स्वीकार/धारण न करने वाली आवास वित्त कंपनियों के मामले में

उपरोक्त (ए) में परिगणित विषयों के अलावा लेखा परीक्षक निम्नलिखित विषयों पर विवरण शामिल करेगा, यथा:-

(i) क्या आवास वित्त कंपनी ने राष्ट्रीय आवास बैंक अधिनियम, 1987 की धारा 29सी का अनुपालन किया है;

(ii) क्या आवास वित्त कंपनी के निदेशक मंडल ने सार्वजनिक जमा स्वीकार न करने के बारे में कोई प्रस्ताव पारित किया है;

(iii) क्या आवास वित्त कंपनी ने विचाराधीन अवधि/वर्ष के दौरान कोई सार्वजनिक जमा स्वीकार किया हैं;

(iv) क्या आवास वित्त कंपनी की कुल उधारियां आवास वित्त कंपनी (एनएचबी) निर्देश, 2010 के अनुच्छेद 3(2) के अधीन निर्धारित सीमा के भीतर हैं;

(v) क्या आवास वित्त कंपनी ने आय अभिज्ञान मान्यता, लेखांकन मानक, आस्ति वर्गीकरण, मूल्य की तुलना में ऋण अनुपात, प्रावधानीकरण अपेक्षाएं, तुलन पत्र में प्रकटीकरण, भू संपदा में निवेश, पूंजीबाजार में निवेश एवं दलालों की नियुक्ति, एवं ऋण/निवेशों का संकेन्द्रण जो आवास वित्त कंपनी (एनएचबी) निर्देश, 2010 में विनिर्दिष्ट हैं, का अनुपालन किया है;

(vi) क्या पूंजी पर्याप्तता अनुपात जो आवास वित्त कंपनी (एनएचबी) निर्देश, 2010 के संबंध में राष्ट्रीय आवास बैंक को प्रस्तुत अनुसूची-II विवरणी में प्रकटीकरण किया गया है, सही रूप में अवधारित है एवं क्या ऐसा अनुपात उसमें विहित जोखिम भारित आस्ति अनुपात (सीआरएआर) के प्रति न्यूनतम पूंजी के अनुपालन में है;

(vii) क्या आवास वित्त कंपनी ने राष्ट्रीय आवास बैंक को निर्धारित अवधि के भीतर अनुसूची-II विवरणी प्रस्तुत की है जो आवास वित्त कंपनी (एनएचबी) निर्देश, 2010 में विनिर्दिष्ट है;

(viii) क्या आवास वित्त कंपनी ने राष्ट्रीय आवास बैंक को निर्धारित अवधि के भीतर सांविधिक तरल परिसंपत्तियों पर अनुसूची-III विवरणी प्रस्तुत की है जो आवास वित्त कंपनी (एनएचबी) निर्देश, 2010 में विनिर्दिष्ट है;

(ix) क्या, नई शाखाओं/कार्यालयों को खोलने के मामले में अथवा मौजूदा शाखाओं/कार्यालयों को बंद करने के मामले में आवास वित्त कंपनी ने आवास वित्त कंपनी (एनएचबी) निर्देश, 2010 में निहित अपेक्षाओं का पालन किया है;

(x) क्या आवास वित्त कंपनी ने आवास वित्त कंपनी (एनएचबी) निर्देश, 2010 के अनुच्छेद 38 एवं 38 ए में अंतर्विष्ट उपबंधों का पालन किया है।

4. प्रतिकूल अथवा अर्हताप्राप्त विवरणों के लिए वर्णित किए जाने वाले कारण

लेखा परीक्षा रिपोर्ट में जहां उपरोक्त अनुच्छेद 3 में संदर्भित कोई मदों के बारे में विवरण प्रतिकूल अथवा अर्हताप्राप्त है तो लेखा परीक्षक रिपोर्ट में यथास्थिति ऐसे प्रतिकूल अथवा अर्हताप्राप्त विवरण के कारणों का भी वर्णन होगा। जहां लेखा परीक्षक उपरोक्त अनुच्छेद 3 में संदर्भित कोई मदों पर कोई अभिमत अभिव्यक्त करने में असमर्थ है तो वह अपनी रिपोर्ट में तत्संबंधी कारणों के साथ ऐसे तथ्य स्पष्ट करेगा।

5. लेखा परीक्षक का राष्ट्रीय आवास बैंक को रिपोर्ट प्रस्तुत करने की बाध्यता

(I) आवास वित्त कंपनी के मामले में, जहां उपरोक्त अनुच्छेद 3 में संदर्भित कोई मदों के बारे में विवरण प्रतिकूल अथवा अर्हताप्राप्त है, अथवा कंपनी के लेखा परीक्षक के अभिमत में निम्नलिखित का पालन नहीं किया गया है:

(ए) राष्ट्रीय आवास बैंक अधिनियम, 1987 (1987 का 53) के अध्याय V के उपबंध; अथवा

(बी) आवास वित्त कंपनी (एनएचबी) निर्देश, 2010; अथवा

(सी) आवास वित्त कंपनियों द्वारा निजी नियोजन आधार पर अपरिवर्तनीय डिबेंचरों के निगर्मन हेतु (एनएचबी) निर्देश, 2014

यह लेखा परीक्षाक का दायित्व होगा कि वह आवास वित्त कंपनी के संबंध में विनियमन एवं पर्यवेक्षण विभाग, राष्ट्रीय आवास बैंक, नई दिल्ली को यथास्थिति ऐसे प्रतिकूल अथवा अर्हताप्राप्त विवरण एवं/अथवा गैर अनुपालन के बारे में ब्यौरा अंतर्विष्ट करते हुए रिपोर्ट दे।

(II) उप-अनुच्छेद (I) के अधीन लेखा परीक्षक का कर्तव्य, राष्ट्रीय आवास बैंक अधिनियम, 1987 के उपबंधों, निर्देशों, दिशानिर्देशों, अनुदेशों जो उप-अनुच्छेद (1) में संदर्भित है, के उल्लंघन को ही प्रस्तुत करने का होगा एवं ऐसी रिपोर्ट में उन किसी उपबंधों के अनुपालन के संबंध में कोई विवरण अंतर्विष्ट नहीं हेागा।

6. अन्य कानूनों के लागू होने पर रोक नहीं

इन निर्देशों के प्रावधान किसी अन्य कानून, नियमों, विनियमों या निर्देशों, जो उस समय लागू हों, के अतिरिक्त होंगे, न कि उनके विरुद्ध होंगे।

7. छूट

राष्ट्रीय आवास बैंक, यदि किसी कठिनाई को दूर करने या किसी अन्य उचित और पर्याप्त कारण के लिए वह यह आवश्यक समझता है तो राष्ट्रीय आवास बैंक द्वारा यथा अधिरोपित ऐसी शर्तों के अध्यधीन या तो सामान्य रूप से या किसी विनिर्दिष्ट अवधि के लिए इन निर्देशों के सभी या किन्हीं प्रावधानों का अनुपालन करने या उससे छूट देने के लिए किसी आवास वित्त कंपनी/कंपनियों के वर्ग के लेखा परीक्षक को समयावधि बढ़ाने की मंजूरी दे सकता है।

8. स्पष्टीकरण

इन निर्देशों के प्रावधानों को प्रभावी करने के उद्देश्य से, राष्ट्रीय आवास बैंक, यदि आवश्यक समझे, इसके अंतर्गत आने वाले किसी भी मामले में अपेक्षित स्पष्टीकरण जारी कर सकता है और राष्ट्रीय आवास बैंक द्वारा इन निर्देशों के किसी भी प्रावधान की नई व्याख्या अंतिम होगी और सभी पक्षों पर बाध्य होगी।

9. निरस्त और बचाव

आवास वित्त कंपनी (एनएचबी) निर्देश, 2010 के अध्याय IV के उपबंध इन निदेशों से निरसित हो जाएंगे।

ऐसे निरस्त के बावजूद,

(ए) ऐसी कोई कार्रवाई जिसे, निरस्त निर्देशों के तहत शुरू किया गया हो अथवा प्रारम्भ किया गया हो, वह उक्त निर्देशों के प्रावधानों के द्वारा ही शासित होगी।

बी) राष्ट्रीय आवास बैंक द्वारा जारी अन्य अधिसूचनाओं का कोई भी उद्धरण जिसमें उपरोक्त निरस्त निर्देशों का कोई संदर्भ समाविष्ट हो, का तात्पर्य निरस्त की तिथि के पश्चात इन निर्देशों के संदर्भ से होगा, अर्थात् आवास वित्त कंपनी - लेखा परीक्षक रिपोर्ट (राष्ट्रीय आवास बैंक) निर्देश, 2016.

श्रीराम कल्याणरामन
प्रबंधन निदेशक एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी

दिनांक 9 फरवरी 2017

सं. एनएचबी.एचएफसी.एटीसी-डीआईआर.1/एमडीएंडसीईओ/2016—राष्ट्रीय आवास बैंक इसे सार्वजनिक हित में आवश्यक समझते हुए और इस बात से संतुष्ट होते हुए कि देश में इसके लाभ के लिए, आवास वित्त प्रणाली को विनियमित करने में राष्ट्रीय आवास बैंक को समर्थ करने के प्रयोजन से, निम्नलिखित निर्देश आवश्यक है और एतद्द्वारा राष्ट्रीय आवास बैंक अधिनियम, 1987 (1987 का 53)

की धारा 30ए एवं 31 द्वारा प्रदत्त शक्तियों तथा इस दिशा में सभी सामर्थ्यकारी शक्तियों का प्रयोग करते हुए निम्नलिखित निर्देश विनिर्दिष्ट करता है।

1. निर्देशों का लघु शीर्षक, प्रारंभ एवं प्रयोजनीयता

(i) इन निर्देशों को "आवास वित्त कंपनी - अधिग्रहण अथवा नियंत्रण के हस्तांतरण की अनुमति (राष्ट्रीय आवास बैंक) निर्देश, 2016" के नाम से जाना जाएगा।

(ii) जब तक राष्ट्रीय आवास बैंक द्वारा निर्देशित न हो, ये निर्देश राष्ट्रीय आवास बैंक अधिनियम, 1987 (1987 का 53) की धारा 29ए के तहत पंजीकृत प्रत्येक आवास वित्त कंपनी (आ.वि.कं.) को लागू होंगे।

(iii) ये निर्देश तत्काल प्रभाव से लागू होंगे अर्थात् वे इस अधिसूचना की तिथि के पश्चात किसी कब्जे अथवा अधिग्रहण अथवा नियंत्रण, शेयरधारिता में हुए किसी परिवर्तन अथवा प्रबंधन के किसी परिवर्तन पर लागू होंगे।

2. परिभाषाएं

इन निर्देशों के उद्देश्य हेतु, जब तक कि संदर्भ के लिए यह आवश्यक न हो, -

"नियंत्रण" का अर्थ वही होगा जो भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड(शेयरों और कब्जों का पर्याप्त अधिग्रहण) विनियमन, 2011 के विनियमन 2 के उप-विनियमन (1) की धारा (ई) के तहत इसे दिया गया हो।

3. आवास वित्त कंपनियों के अधिग्रहण अथवा नियंत्रण के हस्तांतरण हेतु राष्ट्रीय आवास बैंक से पूर्व अनुमति प्राप्त करने की आवश्यकता

(i) निम्न के लिए राष्ट्रीय आवास बैंक की पूर्व लिखित अनुमति की आवश्यकता होगी -

ए) आ.वि.कं. का ऐसा कोई भी कब्जा अथवा नियंत्रण का अधिग्रहण जिससे प्रबंधन में परिवर्तन होता हो या न होता हो;

बी) आ.वि.कं. की शेयरधारिता में समय के साथ प्रगतिशील वृद्धि समेत ऐसा कोई परिवर्तन जिससे 26 प्रतिशत की शेयरधारिता अथवा आ.वि.कं. की अधिक प्रदत्त शेयर पूंजी का अधिग्रहण/हस्तांतरण हो।

बशर्ते कि, पूर्व अनुमति की आवश्यकता वहां नहीं होगी जहां शेयरों की वापसी-खरीद/पूंजी में कटौती के कारण कोई शेयरधारिता 26% से ऊपर जा रही हो और उसे समर्थ न्यायालय का अनुमोदन प्राप्त हो। हालांकि, इस बारे में राष्ट्रीय आवास बैंक को ऐसा होने के तिथि के एक माह होने से पहले सूचित करना होगा।

सी) स्वतंत्र निदेशको को छोड़कर आ.वि.कं. के प्रबंधन में ऐसा कोई परिवर्तन जिससे 30 प्रतिशत से अधिक निदेशकों की तबदीली हो।

बशर्ते कि, जहां ऐसे निदेशक जिन्हें रोटेशन द्वारा सेवानिवृत्ति के बाद फिर चुना गया हो वहां पूर्व अनुमति की आवश्यकता नहीं है।

(ii) धारा (i) के बावजूद, आ.वि.कं. आवास वित्त कंपनी (रा.आ. बैंक) निर्देश, 2010 में यथा अपेक्षित अपने निदेशकों/प्रबंधन के किसी बदलाव के संबंध में राष्ट्रीय आवास बैंक को सूचित करती रहेंगी।

4. पूर्व अनुमति हेतु आवेदन

(i) आ.वि.कं. अनुच्छेद 3 के अंतर्गत, राष्ट्रीय आवास बैंक की पूर्व अनुमति प्राप्त करने के लिए कंपनी के पत्र-शीर्ष (लेटर हेड) पर निम्नलिखित दस्तावेजों के साथ में एक आवेदन प्रस्तुत करेंगी:

ए) अनुलग्नक–I के अनुसार, प्रस्तावित निदेशकों शेयरधारकों के विषय में सूचना;

बी) आ.वि.कं. में शेयरों को प्राप्त करने वाले प्रस्तावित शेयरधारकों का निधि स्रोत;

सी) प्रस्तावित निदेशकों/शेयरधारकों द्वारा इसकी घोषणा कि वे ऐसे किसी भी अनिगमित निकाय से जुड़े हुये नहीं है जो सार्वजनिक जमा को स्वीकार कर रही है;

डी) प्रस्तावित निदेशकों/शेयरधारकों द्वारा इसकी घोषणा कि वे ऐसी किसी कंपनी से जुड़े हुये नहीं है जिसके पंजीकरण प्रमाणपत्र (सीओआर) हेतु आवेदन को राष्ट्रीय आवास बैंक द्वारा रद्द कर दिया गया है;

ई) प्रस्तावित निदेशकों/शेयरधारकों द्वारा इसकी घोषणा कि परक्राम्य लिखत अधिनियम की धारा 138 के तहत उनके विरुद्ध किसी अपराध सहित कोई आपराधिक मामले नहीं हैं; और

एफ) प्रस्तावित निदेशकों/शेयरधारकों पर बैंकर की रिपोर्ट।

(ii) इस संबंध में आवेदन महाप्रबंधक, विनियमन एवं पर्यवेक्षण विभाग, राष्ट्रीय आवास बैंक, नई दिल्ली को भेजा जाए।

5. नियंत्रण/प्रबंधन में परिवर्तन के बारे में पूर्व सार्वजनिक नोटिस की आवश्यकता

(i) स्वामित्व का विक्रय अथवा हस्तांतरण, जो शेयरों के विक्रय, अथवा नियंत्रण के हस्तांतरण, चाहे वो शेयरों के विक्रय के साथ या उसके बगैर हो,के द्वारा प्रभावित करने से पहले कम से कम 30 दिनों की सार्वजनिक सूचना दी जाएगी। इस तरह के सार्वजनिक नोटिस राष्ट्रीय आवास बैंक की पूर्व अनुमति प्राप्त करने के बाद ही, एचएफसी द्वारा और भी अन्य पक्षों द्वारा या संयुक्त रूप से संबंधित पक्षों द्वारा दी जाएगी।

(ii) इस सार्वजनिक सूचना में स्वामित्व/नियंत्रण को बेचने अथवा हस्तांतरण के इरादे के साथ हस्तांतरिती के विवरण और स्वामित्व/नियंत्रण के ऐसे विक्रय अथवा हस्तांतरण के कारणों को बताया जाएगा। इस सूचना को कम से कम एक प्रमुख राष्ट्रीय समाचार-पत्र और एक प्रमुख स्थानीय समाचार-पत्र (जिसमें पंजीकृत कार्यालय का स्थान आता हो) में छापा जाएगा।

6. अन्य कानूनों के आवेदन वर्जित नहीं

इन निर्देशों के प्रावधान उस समय प्रचलित किसी अन्य कानूनों, नियमों, विनियमनों अथवा निर्देशों के प्रावधानों के अल्पीकरण में न होकर, के अतिरिक्त होगा।

7. सार्वजनिक जमाओं को स्वीकार करने के लिए वैध पंजीकरण प्रमाणपत्र (सीओआर) रखने वाली आ.वि.कं. के अधिग्रहण अथवा नियंत्रण के हस्तांतरण के मामलों में सार्वजनिक जमाओं को स्वीकार करने की अनुमति

यह स्पष्ट किया जा सकता है कि सार्वजनिक जमाओं को स्वीकार करने के लिए वैध पंजीकरण प्रमाणपत्र (सीओआर) रखने वाली आ.वि.कं. के अधिग्रहण अथवा नियंत्रण के हस्तांतरण के मामलों में राष्ट्रीय आवास बैंक के पास सार्वजनिक जमाओं को स्वीकार करने की अनुमति देने की समीक्षा का अधिकार सुरक्षित है।

8. निरस्त और बचाव

आवास वित्त कंपनी (रा.आ. बैंक) निर्देश, 2010 के अनुच्छेद 19 के अंतर्गत समाविष्ट प्रावधान इन निर्देशों के द्वारा निरस्त होंगे.

ऐसे निरस्त के बावजूद,

ए) ऐसी कोई कार्रवाई जिसे, निरस्त निर्देशों के तहत शुरू किया गया हो अथवा प्रारम्भ किया गया हो, वह उक्त निर्देशों के प्रावधानों के द्वारा ही शासित होगी।

बी) राष्ट्रीय आवास बैंक द्वारा जारी अन्य अधिसूचनाओं का कोई भी उद्धरण जिसमें उपरोक्त निरस्त निर्देशों का कोई संदर्भ समाविष्ट हो, का तात्पर्य निरस्त की तिथि के पश्चात इन निर्देशों के संदर्भ से होगा, अर्थात् आवास वित्त कंपनी - अधिग्रहण अथवा नियंत्रण के हस्तांतरण की अनुमति (राष्ट्रीय आवास बैंक) निर्देश, 2016.

9. छूट

राष्ट्रीय आवास बैंक, यदि किसी कठिनाई को दूर करने या किसी अन्य उचित और पर्याप्त कारण के लिए वह यह आवश्यक समझता है तो राष्ट्रीय आवास बैंक द्वारा यथा अधिरोपित ऐसी शर्तों के अध्यधीन या तो सामान्य रूप से या किसी विनिर्दिष्ट अवधि के लिए इन निर्देशों के सभी या किन्हीं प्रावधानों का अनुपालन करने या उससे छूट देने के लिए किसी आवास वित्त कंपनी/कंपनियों के वर्ग को समयावधि बढ़ाने की मंजूरी दे सकता है।

10. स्पष्टीकरण

इन निर्देशों के प्रावधानों को प्रभावी करने के उद्देश्य से, राष्ट्रीय आवास बैंक, यदि आवश्यक समझे, इसके अंतर्गत आने वाले किसी भी मामले में अपेक्षित स्पष्टीकरण जारी कर सकता है और राष्ट्रीय आवास बैंक द्वारा इन निर्देशों के किसी भी प्रावधान की नई व्याख्या अंतिम होगी और सभी पक्षों पर बाध्य होगी।

श्रीराम कल्याणरामन
प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी

अनुलग्नक-I

अनुलग्नक-I(1)

कंपनी के प्रस्तावित प्रवर्तकों/निदेशकों/शेयर धारकों के बारे में जानकारी

क्र.सं.	अपेक्षित विवरण	उत्तर
1	नाम	
2	पदनाम	अध्यक्ष कार्यपालकमुख्य/निदेशक/प्रबंध निदेशक/ कार्यपालक अधिकारी
3	राष्ट्रीयता	
4	आयु (जन्म तिथि के अनुसार होनी चाहिए)	
5	कारोबारी पता	
6	आवासीय पता	
7	ईमेल पता/टेलीफोन नम्बर	
8	आयकर अधिनियम के अंतर्गत पैन	
9	निदेशक पहचान संख्या (डीआईएन)	
10	सामाजिक सुरक्षा सं./पास्टपोर्ट नं.*	
11	शैक्षणिक/व्यावसायिक योग्यताएं	
12	रोजगार से संबंधित पेशेवर उपलब्धि	
13	कार्य या पेशा क्षेत्र	
14	कंपनी से संबंधित कोई अन्य जानकारी	
15	उन अन्य कंपनियों के नाम जिसमें व्यक्ति अध्यक्ष/प्रबंधक निदेशक/निदेशक/मुख्य कार्यपालक अधिकारी के पद पर रहा हो	
16	उल्लिखित निकायों के विनियामकों (आरबीआई, सेबी, इरडा, पीएफआरडीए, राष्ट्रीय आवास बैंक) के नाम जिसमें व्यक्ति निदेशक के पद पर हो	
17	उन आवास वित्त कंपनियों के नाम, यदि कोई हो, जिसके साथ व्यक्ति प्रवर्तक, प्रबंध निदेशक, अध्यक्ष या निदेशक के रूप में जुड़ा है, जिसे राष्ट्रीय आवास बैंक द्वारा जमाएं स्वीकार करना निषेध किया गया हो/अभियोग चलाया गया हो?	
18	उन अभियोगों का ब्यौरा, यदि कोई हो, जो व्यक्ति के विरुद्ध और/या किसी भी निकाय के विरुद्ध जिससे वह जुड़ा हो, पर लंबित हो या शुरु किया गया हो या पूर्व में आर्थिक कानूनों और विनियमनों के उल्लंघन हेतु दोषी पाया गया हो	
19	मुकदमा, यदि कोई हो, जहां व्यक्ति या व्यक्ति के संबंधी या कंपनियां जिसके साथ वह जुड़ा था, किसी भी निकाय या बैंक से प्राप्त ऋण सुविधाओं के संबंध में पिछले 5 वर्षों में दोषी रहा हो या चूक किया हो	
20	यदि कोई व्यक्ति व्यावसायिक संगठन/निकाय का सदस्य है, तो लंबित या शुरु किए गए या पूर्व में उनके विरुद्ध परिणामस्वरुप दोष सिद्ध हुआ हो या उन्हें किसी भी समय किसी भी	

	व्यावसायिक कारोबार में प्रवेश पर प्रतिबंध लगाया गया हो, उन अनुशासनात्मक कार्रवाई का ब्यौरा	
21	क्या व्यक्ति कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 164 के तहत उल्लिखित किसी अयोग्यता का पात्र बना है	
22	क्या व्यक्ति या कोई भी कंपनी जिसके साथ वह जुड़ा/जुड़ी है, के खिलाफ सरकारी विभाग या एजेंसी के आग्रह पर जांच-पड़ताल किया गया है	
23	क्या व्यक्ति को किसी भी समय सीमा शुल्क(कस्टम)/उत्पाद शुल्क/आयकर/विदेशी मुद्रा विनिमय/अथवा अन्य राजस्व प्राधिकारों के नियमों/विनियमों/अपेक्षित कानूनों के उल्लंघन का दोषी पाया गया है? यदि ऐसा है, तो उसका विवरण दें	
24	आवास वित्त कंपनी के कारोबार में अनुभव (वर्ष)	
25	कंपनी में इक्विटी शेयरधारिता	
	(i) शेयरों की सं.	.....
	(ii) अंकित मूल्य	₹.....
	(iii) कंपनी के कुल प्रदत्त इक्विटी शेयर पूंजी में प्रतिशतता	.....
26	कंपनियों, फर्मों और स्वामित्व प्रतिष्ठानों की संख्या जिसमें व्यक्ति का पर्याप्त स्वार्थ हो	
27	ऊपर 26 में दिए प्रतिष्ठानों के प्रमुख बैंकरों के नाम	
28	विदेशी बैंकरों के नाम*	
29	क्या व्यक्ति जितने जगहों पर निदेशक हैं वह कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 165 में निर्धारित सीमा से अधिक है	
		हस्ताक्षर:
	तिथि:	नाम:
	स्थान:	पदनाम:
		कंपनी का मुहर:

*विदेशी प्रवर्तकों/निदेशकों/शेयरधारकों हेतु

<u>नोट</u>: (i) प्रत्येक प्रस्तावित प्रवर्तकों/निदेशकों/शेयरधारकों के संबंध में अलग से फॉर्म भरा जाए

अनुलग्नक-I(2)

कॉर्पोरेट प्रवर्तकों के बारे में जानकारी

क्र.सं.	अपेक्षित विवरण	उत्तर
1	नाम	
2	कारोबारी पता	
3	ईमेल पतारटेलीफोन नम्बर/	
4	आयकर अधिनियम के अंतर्गत पैन	

5	अनुपालन अधिकारी का नाम और संपर्क ब्यौरा	
6	कार्य क्षेत्र	
7	अपने प्रमुख शेयरधारकों (10% से अधिक) और गतिविधि क्षेत्र का ब्यौरा यदि कारपोरेट हैं	
8	प्रमुख विदेशी बैंकरों के नाम/*	
9	विनियामकों के नाम (आरबीआई, सेबी, इरडा, पीएफआरडीए, राष्ट्रीय आवास बैंक या कोई अन्य विदेशी विनियामक)	
10	विवेक सम्मत मानदंड निर्देशों में यथा परिभाषित समूह की कंपनीयों के नाम/	
11	समूह की उस उन कंपनी के नाम जो आवास वित्त/कंपनियां हैं	
12	समूह की उन कंपनियों के नाम बताएं जिन्हें जमाएं स्वीकार करना निषेध होय आवास बैंक द्वारा राष्ट्री/अभियोग चलाया गया हो?	
13	उन अभियोगों का ब्यौरा, यदि कोई हो, जो कारपोरेट के विरुद्ध और या किसी भी निकाय के विरुद्ध जिससे वह जुड़ा हो, पर लंबित हो या शुरु किया गया हो या पूर्व में आर्थिक कानूनों और विनियमनों के उल्लंघन हेतु दोषी पाया गया हो	
14	मुकदमा, यदि कोई हो, जहां कारपोरेट किसी भी निकाय या बैंक से प्राप्त ऋण सुविधाओं के संबंध में पिछले 5 वर्षों में चूक करता रहा है या चूक में है	
15	क्या कारपोरे ,सरकारी विभाग या एजेंसी के आग्रह पर किसी जांच-पड़ताल के अधीन है	
16	क्या कारपोरेट को किसी भी समय सीमा शुल्क (मकस्ट)/उत्पाद शुल्क अथवा/विदेशी मुद्रा विनियम/आयकर/अपेक्षित/ विनियमों/प्राधिकारों के नियमों राजस्व अन्य घन का दोषी पाया गया है कानूनों के उल्लंघन यदि हां, तो उसका विवरण दें	
17	क्या प्रवर्तक कारपोरेट प्रवर्तक, कारपोरेट के प्रमुख/शेयरधारक, यदि कोरपोरेट है, ने कभी भी सीओआर हेतु राष्ट्रीय आवास बैंक में आवेदन किया है जो अस्वीकृत हो गया हो	
		हस्ताक्षर:
	तिथि:	नाम:
	स्थान:	पदनाम:
		कंपनी का मुहर:

*विदेशी कारपोरेट हेतु

सं. एनएचबी.एचएफसी.सीजी-डीआर.1/एमडीएंडसीईओ/2016—राष्ट्रीय आवास बैंक इसे सार्वजनिक हित में आवश्यक समझते हुए और इस बात से संतुष्ट होते हुए कि देश में इसके लाभ के लिए, आवास वित्त प्रणाली को विनियमित करने में राष्ट्रीय आवास बैंक को समर्थ करने के प्रयोजन से, निम्नलिखित निर्देश आवश्यक है और एतद्वारा राष्ट्रीय आवास बैंक अधिनियम, 1987 (1987 का 53) की धारा 30ए एवं 31 द्वारा प्रदत्त शक्तियों तथा इस दिशा में सभी सामर्थ्यकारी शक्तियों का प्रयोग करते हुए निम्नलिखित निर्देश विनिर्दिष्ट करता है।

1. निर्देशों का लघु शीर्षक, प्रारंभ

(i) इन निर्देशों को "आवास वित्त कंपनी - कापोरेट अभिशासन (राष्ट्रीय आवास बैंक) निर्देश, 2016" के तौर पर जाना जाएगा।

(ii) ये निर्देश तत्काल प्रभाव से से लागू होंगे।

2. निर्देशों का विस्तार

अपनी अंतिम लेखा परीक्षित परीक्षित तुलन पत्र के अनुसार, 50 करोड़ एवं उससे अधिक की आस्तियों के आकार के साथ सार्वजनिक जमा न स्वीकार करने वाली प्रत्येक आवास वित्त कंपनी (एचएफसी) एवं सार्वजनिक जमा स्वीकार/धारण करने वाली सभी आवास वित्त कंपनियों (एचएफसी) पर लागू होगा, जिसे इसके बाद प्रयोज्य आवास वित्त कंपनियां कहा जाएगा।

3. बोर्ड की समितियों का गठन

I. लेखापरीक्षा समिति

(i) सभी प्रयोज्य एचएफसी को एक लेखापरीक्षा समिति का गठन करना होगा जिसमें कंपनी के निदेशक मंडल से कम तीन से कम सदस्य हो।

स्पष्टीकरण I: आवास वित्त कंपनी द्वारा कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 177 के तहत गठित लेखापरीक्षा समिति, इस अनुच्छेद के प्रयोजनों के लिए लेखापरीक्षा समिति होगी ।

स्पष्टीकरण II: इस अनुच्छेद के तहत गठित लेखापरीक्षा समिति के पास भी वही शक्तियां, कार्य और कर्तव्य होंगे जो कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 177 में विनिर्दिष्ट किया गया है।

(ii) लेखापरीक्षा समिति को यह जरूर सुनिश्चित करना चाहिए कि एचएफसी द्वारा सामना की जाने वाली प्रचालनात्मक जोखिमों की पहचान करने के लिए दो वर्षों मे कम से कम एक बार आंतरिक प्रणालियों व प्रक्रियाओं की एक सूचना प्रणाली लेखापरीक्षा किया गया है।

II. नामांकन समिति

सभी प्रयोज्य एचएफसी को प्रस्तावित/मौजूदा निदेशकों का "उचित और पर्याप्त" स्थिति सुनिश्चित करने के लिए एक नामांकन समिति का गठन करना होगा।

स्पष्टीकरण I: इस अनुच्छेद के तहत गठित नामांकन समिति के पास वही शक्तियां, कार्य और कर्तव्य होंगे जो कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 178 में विनिर्दिष्ट है।

III. जोखिम प्रबंधन समिति

एकीकृत जोखिम का प्रबंधन करने के लिए सभी प्रयोज्य एचएफसी को आस्ति देयता प्रबंधन समिति के अतिरिक्त जोखिम प्रबंधन समिति का गठन करना होगा।

4. उचित और पर्याप्त मापदंड

सभी प्रयोज्य एचएफसी को

I. यह सुनिश्चित करना होगा कि निदेशक मंडल के अनुमोदन के साथ,निदेशकों के नियुक्ति के समय और निरंतर आधार पर उनके उचित और पर्याप्त मापदंडों का पता लगाने के लिए, एक नीति बनाई गई है।उचित और पर्याप्त मापदंड नीति के संबंध में दिशानिर्देश अनुलग्नक1- में विनिर्दिष्ट किया गया है;

II. निदेशको से संबंधित अतिरिक्त सूचना के लिए निदेशकों से घोषणा पत्र तथा वचन पत्र लिया जाए। यह घोषणा पत्र तथा वचन पत्र अनुलग्नक-2 में विनिर्दिष्ट प्रारूप के अनुसार होगा;

III. निदेशकों से हस्ताक्षरित प्रतीज्ञापत्र दस्तावेज प्राप्त किया जाए जो अनुलग्नक-3 में विनिर्दिष्ट प्रारूप के अनुसार हो;

IV. निदेशकों के परिवर्तन के संबंध में तिमाही रिपोर्ट तथा निदेशकों के चयन में उचित और पर्याप्त मापदंड का अनुपालन किया गया है इस आशय का प्रमाण पत्र एचएफसी के प्रबंध निदेश से राष्ट्रीय आवास बैंक को प्रस्तुत करना होगा। प्रत्येक समाप्त तिमाही के 15 दिनों के अंदर विवरणियां राष्ट्रीय आवास बैंक, नई दिल्ली को प्राप्त हो जानी चाहिए। एचएफसी द्वारा 31 मार्च को समाप्त तिमाही से संबंध में प्रस्तुत की जाने वाली विवरणियां लेखा परीक्षक द्वारा प्रमाणित होनी चाहिए।

बशर्ते कि राष्ट्रीय आवास बैंक, यदि यह जन साधारण के हित में और पर्याप्त हो तो, किसी भी आवास वित्त कंपनी का उसकी आस्ति आकार को ध्यान में रखे बिना, ऐसी आवास वित्त कंपनी के निदेशकों का उचित और पर्याप्त मापदंड मानदंड की जांच करने का अधिकार रखता है।

5. प्रकटीकरण एवं पारदर्शिता

I. सभी प्रयोज्य एचएफसी को नियमित अंतराल में, जैसा कि इस संबंध में बोर्ड द्वारा निर्धारित किया जा सकता है, निम्नलिखित को निदेशक मंडल के समक्ष प्रसतुत करना होगा:

(i) एचएफसी द्वारा अपनाई जाने वाली कार्यनीति के संबंध में और प्रगतिशील जोखिम प्रबंधन प्रणाली तथा जोखिम प्रबंधन नीति को स्थापित करने में हुई प्रगति ;

(ii) कार्पोरेट अभिशासन मानकों के अनुरूप जैसे विभिन्न समितियों का गठन, उनकी भूमिका और कार्य, बैठक की आवधिकता तथा कार्य क्षेत्र व्याप्ति (कवरेज़) का अनुपालन और कार्यों की समीक्षा की पुष्टि आदि।

II. सभी प्रयोज्य एचएफसी को 31 मार्च, 2017 से अपने वार्षिक वित्तीय विवरणों में निम्नलिखित को भी प्रकट करना होगा :

(i) अन्य वित्तीय सेक्टर के विनियामकों से प्राप्त किसी भी नाम का पंजीकरण/लाइसेंस/प्राधिकृत ;

(ii) क्रेडिट रेटिंग ऐजेंसियों द्वारा प्रदान की गई रेटिंग तथा वर्ष के दौरान रेटिंग में परिवर्तन ;

(iii) किसी विनियामक द्वारा लगाया गया दंड, यदि कोई हो तो ;

(iv) संयुक्त उपक्रम तथा विदेशी सहायक कंपनियों के संबंध में सूचना अर्थात्, क्षेत्र, संचालन देश और संयुक्त उद्यम सहयोगी, और

(v) आस्ति-देयता प्रोफाइल, एनपीए और एनपीए का परिचालन, सभी तुलन पत्रेतर एक्सपोजर का ब्योरा, भू-संपदा में एक्सपोजर, पूंजी बाजार में एक्सपोजर, शिकायतों का प्रकटीकरण प्रतिभूतिकरण/कार्यभार लेन-देन और अनुबंध-4 में विनिर्दिष्ट अन्य प्रकटीकरण

6. अन्य कानूनों के लागू होने पर रोक नहीं

इन निर्देशों के प्रावधान किसी अन्य कानून, नियमों, विनियमों या निर्देशों, जो उस समय लागू हों, के अतिरिक्त होंगे, न कि उनके विरुद्ध होंगे।

7. सांविधिक लेखा परीक्षा फर्म के भागीदारों का आवर्तन

सभी प्रयोज्य एचएफसी लेखा परीक्षा का संचालन करने वाले चार्टर्स एकाउंटेंट फर्म के साझेदार/रों का प्रत्येक तीन वर्षों नियमित आतर्वन करेंगी ताकि वही साझेदार कंपनी का लगातार तीन वर्षों की अवधि से अधिक समय तक लेखा परीक्षा न करे। हालांकि,यदि एचएफसी चाहे तो, आवर्तित साझेदार को तीन वर्ष के अंतराल के बाद एचएफसी का लेखा परीक्षा करने के लिए पात्र हो जायेंगे। एचएफसी लेखा परीक्षकों की फर्म की नियुक्ति पत्र में समुचित निबंधन को समाविष्ट करेंगे एवं उसका अनुपालन सुनिश्चित करेंगे।

8. आंतरिक दिशानिर्देश तैयार करना

सभी प्रयोज्य एचएफसी अपने उक्त दिशानिर्देश में अंतर्निहित भावना की अवहेलना का परित्याग किए बिना दिशानिर्देश के दायरे को बढाने के लिए अपने निदेश मंडल के अनुमोदन से कार्पोरेट अभिशासन पर आंतरिक दिशानिर्देश बनाएंगे। बनाये और अपने विभिन्न स्टेकधारकों के सूचनार्थ इसे अपने कंपनी के वेबसाइट, यदि कोई हो तो, में प्रदर्शित करेंगे।

9. छूट

राष्ट्रीय आवास बैंक, यदि किसी कठिनाई को दूर करने या किसी अन्य उचित और पर्याप्त कारण के लिए वह यह आवश्यक समझता है तो राष्ट्रीय आवास बैंक द्वारा यथा अधिरोपित ऐसी शर्तों के अध्यधीन या तो सामान्य रूप से या किसी विनिर्दिष्ट अवधि के लिए इन निर्देशों के सभी या किन्हीं प्रावधानों का अनुपालन करने या उससे छूट देने के लिए किसी आवास वित्त कंपनी/कंपनियों के वर्ग को समयावधि बढ़ाने की मंजूरी दे सकता है।

10. स्पष्टीकरण

इन निर्देशों के प्रावधानों को प्रभावी करने के उद्देश्य से, राष्ट्रीय आवास बैंक, यदि आवश्यक समझे, इसके अंतर्गत आने वाले किसी भी मामले में अपेक्षित स्पष्टीकरण जारी कर सकता है और राष्ट्रीय आवास बैंक द्वारा इन निर्देशों के किसी भी प्रावधान की नई व्याख्या अंतिम होगी और सभी पक्षों पर बाध्य होगी।

श्रीराम कल्याणरामन
प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी

अनुलग्नक-1

आवास वित्त कंपनियों के निदेशकों के लिए 'उचित और पर्याप्त' मापदंड

किसी वित्तीय संस्थान के लिए योग्यता, तकनीकी विशेषज्ञता, पिछला कार्य निष्पादन रिकार्ड, सत्यनिष्ठा इत्यादि के माध्यम से पद हेतु उपयुक्तता का पता लगाने के लिए निदेशकों के निपुणता के महत्व पर जोर देने की आवश्यकता नहीं है। यह प्रस्तावित है कि आवास वित्त कंपिनयों के विषय में भी यथोचित परिवर्तनों के साथ उसी दिशानिर्देश का पालन किया जाय। हालांकि राष्ट्रीय आवास बैंक एचएफसी को पंजीकरण प्रमाणपत्र जारी करने से पूर्व निदेशकों पर उचित जांच का निष्पादन करता है, अत: यह आवश्यक है कि आवास वित्त कंपनियां सतत आधार पर एक आंतरिक पर्यवेक्षी प्रक्रिया स्थापित करे। इसके अतिरिक्त, निदेशकों की नियुक्ति के समय उचित जांच की प्रक्रिया को कारगर बनाने एवं एकरूपता लाने के उद्देश्य से आवास वित्त कंपनियों को सूचित किया जाता है कि वे यह सुनिश्चित करें कि नीचे उल्लिखित प्रक्रियाओं का पालन किया गया है और इससे पूर्व कि व्यक्तियों की बोर्डों में नियुक्ति की गई हो उनके द्वारा न्यूनतम मानदंड को पूरा किया गया है :

a) एचएफसी को योग्यता, विशेषज्ञता, पिछला कार्य-निष्पादन रिकार्ड, सत्यनिष्ठा एवं अन्य उचित एवं उपयुक्त मानदंड के आधार पर बोर्ड में निदेशक के तौर पर नियुक्ति/नियुक्ति जारी रखने के लिए व्यक्ति की उपयुक्तता निर्धारित करने के लिए उचित जांच की प्रक्रिया करनी चाहिए। एचएफसी को इस प्रयोजनार्थ अनुलग्नक-2 में दिये गये प्रारूप में प्रस्तावित/मौजूदा निदेशकों से आवश्यक सूचना एवं घोषण प्राप्त करनी चाहिए।

b) आवास वित्त कंपनियों को नियुक्ति/नियुक्ति के नवीकरण के समय उचित जांच की प्रक्रिया करनी चाहिए।

c) आवास वित्त कंपनियों के बोर्डों को घोषणाओं की जांच करने के लिए नामांकन समितियों का गठन करना चाहिए।

d) जहां भी आवश्यक माना जाए, हस्ताक्षरित घोषणा में प्रदान की गई सूचना के आधार पर नामांकन समितियों को निदेशकों की स्वीकार्यता अथवा अन्य बातों पर निर्णय लेना चाहिए।

e) आवास वित्त कंपनियों को प्रतिवर्ष 31 मार्च की स्थिति के अनुसार निदेशकों से साधारण घोषणा प्राप्त करना चाहिए कि पूर्व में उपलब्ध कराई गई सूचना में कोई बदलाव नहीं हुआ है एवं जहां कोई बदलाव हुआ है तो उनके द्वारा तत्काल अपेक्षित विवरण प्रस्तुत किया गया है।

f) आवास वित्त कंपनियों के बोर्ड को लोक हित में यह जरूर सुनिश्चित करना चाहिए कि नामित/निर्वाचित निदेशकों ने अनुलग्नक-3 में दिये गये प्रारूप में प्रसंविदा विलेखों का निष्पादन किया है।

———————

अनुलग्नक-2

एचएफसी का नाम: _____

निदेशक द्वारा घोषणा एवं वचनपत्र)_____ को यथा समुचित अनुलग्नकों के साथ(

I. निदेशक का व्यक्तिगत विवरण
   - क) पूरा नाम
   - ख) जन्म तिथि
   - ग) शैक्षणिक योग्यता
   - घ) प्रासंगिक पृष्ठभूमि एवं अनुभव
   - ङ) स्थायी पता
   - च) वर्तमान पता
   - छ) ई-मेल पता/दूरभाष संख्या
   - ज) निदेशक पहचान संख्या
   - झ) आयकर अधिनियम के तहत स्थायी खातासंख्या एवं आयकर सर्कल का नाम व पता
   - ञ) प्रासंगिक ज्ञान व अनुभव

ट) एचएफसी के निदेशक पद से प्रासंगिक कोई अन्य सूचना

II. निदेशक का सुसंगत संबंध

क) संबंधियों की सूची, यदि कोई हो, जो एचएफसी से जुड़े हों (कंपनी अधिनियम, 1956 की धारा 6 एवं अनुसूची 1क एवं नये कंपनी अधिनियम, 2013 के संगत प्रावधानों का संदर्भ लें)

ख) संस्थाओं की सूची, यदि कोई हो, जिसमें वह हितबद्ध के तौर पर माना गया हो (कंपनी अधिनियम, 1956 की धारा 299(3)(क) एवं धारा 300 एवं नये कंपनी अधिनियम, 2013 के संगत प्रावधानों का संदर्भ लें)

ग) संस्थाओं की सूची जिसमें वह आवास वित्त कंपनी (रा.आ.बैंक) निर्देश, 2010 के अर्थ में पर्याप्त हित धारण करने के तौर पर माना गया है

घ) आवास वित्त कंपनी का नाम जिसमें वह मंडल (अवधि का विवरण देते हुए जिसमें ऐसे कार्यालय में पद धारित था) का सदस्य है/रह चुका/चुकी है।

ङ) वर्तमान में उसके द्वारा अथवा उपरोक्त एचएफसी से II (ख) एवं (ग) में सूचीबद्ध संस्थाओं द्वारा प्राप्त निधि एवं गैर निधि की सुविधाएं यदि कोई हों

च) यदि कोई ऐसे मामले हों जहां निदेशक अथवा उपरोक्त II (ख) एवं (ग) में सूचीबद्ध संस्थाओं द्वारा चूक हुई हो या पूर्व में एचएफसी या किसी अन्य एचएफसी से ली गई ऋण सुविधा को चुकाने में चूक हुई हो।

III. पेशेवर उपलब्धियों के रिकार्ड

क) प्रासंगिक पेशेवर उपलब्धियां

IV. निदेशक के विरूद्ध कार्यवाही, यदि कोई हो

क) यदि निदेशक व्यावसायिक संघ/संस्था का सदस्य है तो उसके विरूद्ध लंबित अथवा शुरू किया गया अथवा जिसके परिणामस्वरूप पूर्व में दोषी ठहराया गया हो या चाहे उसे किसी भी समय पर किसी पेशे/व्यवसाय में प्रवेश करने से प्रतिबंधित कर दिया गया हो तो ऐसे अनुशासनात्मक कार्रवाई का विवरण, यदि कोई हो।

ख) आर्थिक कानूनों एवं विनियमों के उल्लंघन हेतु निदेशक और/या उपरोक्त II (ख) एवं (ग) में सूचीबद्ध किसी संस्थाओं के विरुद्ध लंबित अथवा शुरू किया गया हो अथवा जिसके परिणामस्वरूप पूर्व में दोषी ठहराया गया हो ,ऐसे अभियोग का विवरण, यदि कोई हो।

ग) निदेशक के विरुद्ध पिछले पांच वर्षों में यदि कोई आपराधिक अभियोग लंबित या शुरू किया गया हो अथवा जिसके परिणामस्वरूप दोषी ठहराया गया हो, उसका विवरण

घ) क्या निदेशक को कंपनी अधिनियम, 1956 की धारा 274 एवं नये कंपनी अधिनियम, 2013 के संगत उपबंधों में परिकल्पित अयोग्यता का सामना करना पड़ा है?

ङ) क्या निदेशक और अथवा उपरोक्त II (बी) तथा (सी) में सूचीबद्ध किसी संस्था के खिलाफ किसी सरकारी विभाग या एजेंसी के द्वारा किसी जांच-पड़ताल के लिए बुलाया गया है।

च) क्या निदेशक को किसी समय पर सीमाशुल्क/आबकारी/आयकर/ विदेशी मुद्रा/अन्य राजस्व अधिकारियों द्वारा नियमों/विनियमों/

कानूनी शर्तों के उल्लंघन का दोषी पाया गया है? यदि हां तो ब्यौरा दें।

छ) क्या निदेशक कभी भी सेबी, आईआरडीए, एमसीए, आरबीआई इत्यादि जैसे नियामकों के प्रतिकूल संज्ञान में आया है?

(हालांकि अभ्यर्थी को नियामकों द्वारा दिये गये आदेशों एवं निष्कर्षों के बारे में कॉलम में उल्लेख करना आवश्यक नहीं होगा जिसे बाद में पलट/पूर्ण रूप से अलग रख दिया गया है, उसे उक्त का उल्लेख करना आवश्यक होगा यदि पलटना/अलग रखना, बाध्यता अथवा क्षेत्राधिकार का अभाव इत्यादि जैसे तकनीकी कारणों से है ना कि मेरिट के आधार पर। यदि नियामक का आदेश अस्थायी रूप से स्थगित है एवं अपीलीय/न्यायालय की कार्यवाही लंबित है तो उक्त का भी उल्लेख किया जाय।)

V. मद I से मद III के संबंध में कोई अन्य व्याख्या/सूचना एवं कोई अन्य सूचना जो उचित एवं उपयुक्त का निर्णय लेने के लिए प्रासंगिक समझी जाय।

वचन

मैं पुष्टि करता हूं कि उपरोक्त सूचना मेरे सर्वोत्तम ज्ञान एवं विश्वास में सत्य व पूर्ण है। मैं यह वचन देता हूं कि मैं एचएफसी को ऐसी सभी घटनाओं से जितनी जल्दी हो सके अवगत कराउंगा जो मेरे नियुक्ति के तदुपंरात घटते हैं एवं जो उपरोक्त उपलब्ध कराई गई सूचना से प्रासंगिक हैं।

मैं यह भी वचन देता हूं कि एचएफसी के सभी निदेशकों द्वारा निष्पादित किए जाने वाले अपेक्षित प्रसंविदा विलेख का निष्पादन करूंगा।

स्थान: हस्ताक्षर

दिनांक:

VI एचएफसी की नामांकन समिति के अध्यक्ष/निदेशक मंडल की टिप्पणियां

स्थान: हस्ताक्षर

दिनांक:

अनुलग्नक-3

निदेशक से प्रसंविदा विलेख का प्रपत्र

यह प्रसंविदा विलेख एक पक्ष ..... [इसके पश्चात 'आवास वित्त कंपनी' (एचएफसी) अभिहित किया जायेगा] जिसका पंजीकृत कार्यालय ..... में है एवं दूसरा पक्ष के/की श्री/श्रीमती ..... (इसके पश्चात 'निदेशक' किया जायेगा) के बीच दो हज़ार ..... के ..... वें दिन को निष्पादित किया गया।

अतएव

क. निदेशक एचएफसी के निदेशक मंडल (इसके पश्चात 'बोर्ड' कहा जाय) में निदेशक के तौर पर नियुक्त हुआ है एवं उसका/उसकी नियुक्ति के निबंधन के तौर पर एचएफसी के साथ प्रसंविदा विलेख संपन्न करना आवश्यक है।

ख. निदेशक यह प्रसंविदा विलेख संपन्न करने पर सहमत है जो उसकी नियुक्ति के निबंधन के अनुरूप बोर्ड द्वारा अनुमोदित किया गया है।

अब एतद्द्वारा सहमत है एवं यह प्रसंविदा विलेख निम्नानुसार साक्षी है :

1. निदेशक स्वीकार करता है कि एचएफसी के मंडल में निदेशक के तौर पर उसकी नियुक्ति एचएफसी के संस्था के बहिर्नियम एवं अंतर्नियम एवं प्रसंविदा विलेख के उपबंध सहित लागू कानूनों व विनियमों के अधीन है।

2. निदेशक एचएफसी से प्रसंविदा करता है कि :

(i) निदेशक, यदि वह एचएफसी एवं किसी अन्य व्यक्ति के बीच संपन्न अथवा संपन्न होने वाले संविदा अथवा व्यवस्था अथवा किसी प्रस्तावित संविदा अथवा व्यवस्था में कोई रूचि रखता/रखती है अथवा से संबंधित है, उक्त के

बारे में अवगत होने पर अपने हित की प्रकृति प्रत्यक्ष अथवा अप्रत्यक्ष, मंडल के समक्ष अथवा मंडल की बैठक जिसमें ऐसी संविदा अथवा व्यवस्था संपन्न करने के प्रश्न पर विचार किया जाना है, में प्रकटीकरण करेगा/करेगी अथवा यदि निदेशक उस बैठक की तिथि को ऐसे प्रस्तावित संविदा अथवा व्यवस्था से संबद्ध अथवा में रूचि नहीं रखता है, तो उसके इस तरह संबद्ध अथवा इच्छुक बन जाने के पश्चात हुई मंडल की पहली बैठक एवं कोई अन्य संविदा अथवा व्यवस्था के मामले में निदेशक के संविदा अथवा व्यवस्था में संबद्ध अथवा इच्छुक बन जाने के पश्चात मंडल की पहली बैठक में अपेक्षित प्रकटीकरण करना होगा।

(ii) निदेशक मंडल को सामान्य नोटिस द्वारा उसकी/उसके अन्य निदेशकता, उसकी/उसके कार्पोरेट निकायों की सदस्यताएं, अन्य संस्थाओं में उसकी/उसके रूचि एवं फर्म के साझेदार अथवा मालिक के रूप में उसकी/उसके रूचि का प्रकटीकरण करेगा एवं उसमें होने वाले सभी बदलावों से मंडल को अवगत कराता रहेगा ।

(iii) निदेशक कंपनी अधिनियम 1956 अथवा 2013 में पारिभाषित उसकी/उसके संबंधियों एवं ऐसे संबंधियों की अन्य निकायों, कार्पोरेट, फर्मों एवं अन्य संस्थाओं में निदेशकता और रूचि जिससे निदेशक अभिज्ञ है तो उसकी सूची एचएफसी को प्रदान करेगा।

(iv) निदेशक एचएफसी के निदेशक के तौर पर उसकी/उसके कर्त्तव्यों का निर्वहन करते हुए :

क) ऐसे उच्च कोटि के कौशल का उपयोग करना जो उसकी/उसके जानकारी अथवा अनुभव वाले व्यक्ति से अपेक्षित हो ;

ख) अपने कर्तव्यों के निर्वहन में ऐसी सावधानी रखना जो चाहे अपने स्वयं की ओर से एवं सद्भावना से अथवा कंपनी के हित में उसे प्रदत्त किसी भी शक्ति के प्रयोग से अपेक्षित हो ;

ग) एचएफसी के व्यवसाय, क्रियाकलाप एवं वित्तीय स्थितियों के बारे में स्वयं को उस सीमा तक अवगत रखेगा/रखेगी जितना उसे प्रकट किया गया हो ;

घ) उचित नियमानुकूलता के साथ मंडल एवं उसकी समितियों (संक्षिप्तता के लिहाज हेतु इसके पश्चात 'बोर्ड' के तौर पर संदर्भित) की बैठकों में भाग लेगा/लेगी एवं एचएफसी के निदेशक के तौर पर शुद्ध अंत:करण से अपने दायित्व को पूरा करेगा/करेगी ;

ङ) एचएफसी के हित के अतिरिक्त किसी भी विचार के लिए मंडल के किसी भी निर्णय को प्रभावित करने का प्रयास नहीं करेगा ;

च) मंडल के समक्ष लाये गये आवास वित्त कंपनी को प्रभावित करने वाले मामलों जिसमें सांविधिक अनुपालन, कार्य-निष्पादन समीक्षा, आंतरिक नियंत्रण प्रणालियों व प्रक्रियाओं का अनुपालन, प्रमुख कार्यपालक नियुक्ति एवं आचरण के मानक सहित शामिल है किन्तु सीमित नहीं है, सभी मामलों पर स्वतंत्र निर्णय सामने रखेगा ;

छ) मंडल के समक्ष लाये गये अथवा मंडल द्वारा उसे सौंपे गये मामलों में उसकी/उसके निर्णय, किसी भी व्यवसाय अथवा अन्य रिश्ते जो उसके स्वतंत्र निर्णय के प्रयोग करने में वास्तव में हस्तक्षेप कर सकते हैं, से मुक्त होगा ; एवं

ज) मंडल की बैठकों में बिना किसी भय अथवा पक्षपात के एवं उसकी/उसके स्वतंत्र निर्णय के प्रयोग पर बिना किसी प्रभाव के, अपने विचार एवं मत व्यक्त करेगा/करेगी।

(v) निदेशक का :

क) सद्भाव में एवं आवास वित्त कंपनी के हित में काम करने का प्रत्ययी कर्त्तव्य होगा न कि संपार्श्विक प्रयोजनों के लिए:

ख) एचएफसी के संस्था के बहिर्नियम एवं अंतर्नियम के द्वारा एवं प्रयोज्य नियमों एवं विनियमों के द्वारा निर्धारित शक्तियों के भीतर, ही कार्य करने का कर्त्तव्य होगा ; और

ग) एचएफसी के कारोबार की समुचित समझ अर्जित करने का कर्त्तव्य होगा।

(vi) निदेशक :

क) मंडल द्वारा उसे सौंपे गये विषयों के संबंध में उत्तरदायित्वों से विमुख नहीं हो सकेगा ;

ख) एचएफसी के पूर्ण-कालिक निदेशकों एवं अन्य अधिकारीगणों द्वारा उनके कर्त्तव्यों का निर्वहन करने में हस्तक्षेप नहीं करेगा एवं जहां निदेशक के पास अन्यथा पर विश्वास करने के कारण हों वह मंडल को अपनी चिंताओं का प्रकटीकरण करेगा/करेगी ; एवं

ग) मंडल के सदस्य के तौर पर अपने लिए अथवा किसी और के फायदे अथवा हितलाभ के लिए विगोपित सूचना का अनुचित उपयोग नहीं करेगा एवं एचएफसी के निदेशक के तौर पर उसकी क्षमता में एचएफसी द्वारा उसे विगोपित सूचना का उपयोग केवल निदेशक के तौर पर उसके कर्त्तव्यों के निर्वहन के प्रयोजनार्थ करेगा/करेगी, न कि कोई अन्य प्रयोजन के लिए :

घ) इस सीमा की घोषणा करता है कि :

(i) वह किसी अनिगमित निकाय से नहीं जुड़ा/जुड़ी है जो जमाएं स्वीकार करती हैं :

(ii) वह ऐसी किसी कंपनी से नहीं जुड़ा/जुड़ी है जिसके पंजीकरण प्रमाणपत्र (सीओआ) का आवेदन राष्ट्रीय आवास बैंक ने अस्वीकार किया हो ;

(iii) उसके विरूद्ध परक्राम्य लिखत अधिनियम की धारा 138 के अधीन अपराध सहित कोई आपराधिक मामला नहीं है।

3. एचएफसी निदेशक से प्रसंविदा करती है कि:

(i) एचएफसी निम्नलिखित के बारे में निदेशक को अवगत कराएगी:

क) निदेशक के कानूनी एवं अन्य कर्त्तव्यों की पहचान और सांविधिक दायित्वों के अपेक्षित अनुपालन सहित बोर्ड की प्रक्रियाएं;

ख) नियंत्रण प्रणालियां एवं प्रक्रियाएं;

ग) उन मामलों जिनमें निदेशक को अपने हित के कारण उनमें प्रत्यक्ष अथवा अप्रत्यक्ष तौर पर भाग नहीं लेना चाहिए सहित मंडल की बैठकों में वोट का अधिकार:

घ) अर्हता की अपेक्षाएं एवं संस्था के बहिर्नियम एवं अंतर्नियम की प्रतियां उपलब्ध कराएगी;

ङ) कार्पोरेट नीतियां एवं प्रक्रियाएं;

च) अंदरूनी संव्यवहार पर प्रतिबंध;

छ) मंडल का गठन, मंडल को प्राधिकारी का प्रत्यायोजन एवं मंडल द्वारा गठित विभिन्न समितियों का विचारार्थ विषय;

ज) वरिष्ठ कायर्पालकों की नियुक्तियां एवं उनके प्राधिकार;

झ) पारिश्रमिक नीति

ञ) मंडल की समितियों की विवेचना;एवं

ट) एचएफसी के संस्था के बहिर्नियम एवं अंतर्नियम, अधिकारों के हस्तांतरण, वरिष्ठ कार्यपालकों इत्यादि सहित नीतियों, प्रक्रियाओं, नियंत्रण प्रणालियों, लागू विनियमों में किसी बदलाव की संसूचना एवं अनुपालन अधिकारी की नियुक्ति जो सभी सांविधिक एवं कानूनी अनुपालनों के लिए उत्तरदायी होगा, ।

(ii) एचएफसी निदेशक सहित मंडल को सभी जानकारी जो उनके लिए एचएफसी के निदेशक के तौर पर अपने क्रियाकलापों एवं कर्त्तव्यों को जारी रखने के लिए युक्तियुक्त रूप से अपेक्षित है एवं मंडल के समक्ष उनके विचारार्थ लाये गये एवं मंडल अथवा उसकी कोई समिति द्वारा निदेशक को सौंपे गये विषयों के संबंध में सुविज्ञ निर्णय लेने के लिए युक्तियुक्त रूप से अपेक्षित है, का प्रकटीकरण करेगी एवं उपलब्ध कराएगी;

(iii) एचएफसी द्वारा निदेशकों को किए जाने वाले प्रकटीकरण में निम्नलिखित शामिल होंगे लेकिन इसी तक सीमित नहीं होंगे:

क) मंडल के समक्ष लाये गये विषयों के संबंध में सुविज्ञ निर्णय लेने के लिए सभी प्रासंगिक सूचना;

ख) एचएफसी की रणनीति एवं व्यापार योजना एवं पूर्वनुमान;

ग) एचएफसी का संगठनात्मक ढांचा एवं प्राधिकारी का प्रत्यायोजन;

घ) प्रक्रिया सहित कार्पोरेट एवं प्रबंधन नियंत्रण एवं प्रणालियां;

ङ) आर्थिक विशेषताएं एवं विपणन माहौल;

च) सूचना एवं अद्यतन जो आवास वित्त कंपनी के उत्पादों पर समुचित है;

छ) बड़े व्ययों पर सूचना एवं अद्यतन;

ज) आवास वित्त कंपनी के प्रदर्शन पर आवधिक समीक्षा, एवं

झ) रणनीतिक पहलों एवं योजनाओं के कार्यान्वयन के बारे में आवधिक रिपोर्ट

(iv) एचएफसी को निदेशकों एवं संबंधित कर्मियों को मंडल के विचार-विमर्शों के परिणाम की संसूचना देनी होगी एवं मंडल की बैठक के समापन के दो कारोबारी दिवसों के भीतर यथासंभव समयबद्ध तरीके से मंडल के बैठकों की कार्यवृत्त तैयार करनी होगी एवं निदेशकों को परिसंचित करनी होगी; एवं

(v) मंडल के समक्ष रखे गये विषयों में हस्तांतरित प्राधिकार के स्तरों के बारे में निदेशक को सूचित करेगी:

4. एचएफसी निदेशक को आंतरिक निंयत्रण प्रणाली के कामकाज एवं उसकी प्रभावशीलता पर आवधिक रिपोर्ट उपलब्ध कराएगी।

5. एचएफसी एक अनुपालन अधिकारी नियुक्त करेगी जो मंडल को रिपोर्ट करने वाला वरिष्ठ कार्यपालक होगा एवं आगे की नीतियां व प्रक्रियाएं स्थापित करने के लिए जिम्मेदार होगा एवं राष्ट्रीय आवास बैंक एवं अन्य संबंधित सांविधिक व सरकारी प्राधिकारियों के निर्देश सहित लेकिन इसी तक सीमित न होकर, लागू नियमों एवं विनियमों व नीतियों तथा प्रक्रियाओं के पालन की निगरानी करेगा।

6. निदेशक एचएफसी के निदेशक के तौर पर अपना कार्यालय हस्तांतरित नहीं करेगा, उपपट्टे पर-या भारित नहीं करेगा एवं अपने अधिकार व दायित्व किसी तीसरे पक्ष को नहीं सौपेगा बशर्ते कि एचएफसी के संस्था के बर्हिनियम व अंतनिर्यम सहित लागू नियमों व विनियमों के अनुसार मंडल अथवा उसकी कोई समिति द्वारा किसी भी प्राधिकार, अधिकार का हस्तानांतरण, शक्ति, कार्य अथवा प्रत्ययोजन को प्रतिबंधित करने हेतु न समझा जाये ।

7. इस बात से किसी एक पक्ष की ओर से किसी दायित्व अथवा कर्त्तव्य का निर्वहन, पालन, पर्यवेक्षण या अनुपालन करने में विफलता से न तो छूट प्राप्त होगी न ही इसे उस समय या उसके बाद के दिनों में कार्य-निष्पादन, पर्यवेक्षण, पालन या अनुपालन करने के लिए आदर्श के तौर पर कार्य करेगा।

8. इस प्रसंविदा विलेख में कोई एवं सभी संशोधन एवं/या पूरक एवं/या परिवर्तन केवल तभी वैध व क्रियाशील होंगे यदि एचएफसी के निदेशक एवं विधिवत प्राधिकृत प्रतिनिधि द्वारा लिखित में एवं हस्ताक्षरित हो।

9. इस प्रसंविदा विलेख दो प्रतियों में निष्पादित की गयी है एवं दोनो प्रतियां मूल समझी जाएंगी।

जिसकी उपस्थिति में पक्षों ने पूर्वोक्त लिखी तिथि, माह एवं वर्ष को यह करार विधिवत निष्पादित किया है।

कृते आवास वित्त कंपनी

.....द्वारा

नाम:

पदनाम:

की उपस्थिति में:

1.....

निदेशक

नाम:

2. .....

अनुलग्नक-4

50 करोड़ रुपये एवं उससे अधिक की आस्ति आकार वाली एचएफसी एवं सार्वजनिक जमायें लेने वाली/धारण करने वाली एचएफसी के लिए तुलन पत्र प्रकटीकरण की सांकेतिक सूची

1. न्यूनतम प्रकटीकरण

कम से कम, इस अनुलग्नक में सूचीबद्ध मदों का सभी प्रयोज्य एचएफसी द्वारा नोट्स टू अकाउंट्स (एनटीए) में प्रकटीकरण करना चाहिए। सूचीबद्ध प्रकटीकरण का आशय केवल पूरक है और यह यथा लागू अन्य प्रकटीकरण जरूरतों के बदले नहीं है।

2. महत्वपूर्ण लेखांकन नीतियों का सारांश

एचएफसी को अपने वित्तीय विवरणों में नोट्स टू अकाउंट्स (एनटीए) के साथ एक जगह पर प्रचालनों के प्रमुख क्षेत्रों से संबंधित लेखांकन नीतियों का प्रकटीकरण करना चाहिए। सुझावात्मक सूची में लेखांकन का आधार, विदेशी विनिमय से युक्त लेन-देन, निवेश-वर्गीकरण,मूल्यांकन इत्यादि,उस पर अग्रिम राशि एवं प्रावधान, अचल संपत्तियां और मूल्यह्रास,राजस्व का परिज्ञान, कर्मचारी की लाभप्रदता, कराधान के लिए प्रावधान, शुद्ध लाभ इत्यादि शामिल हैं।

3. प्रकटीकरण:

3.1 पूंजी

[₹ करोड़ में]

विवरण	चालू वर्ष	पिछला वर्ष
(i) सीआरएआर (%)		
(ii) सीआरएआर - टियर-I पूंजी (%)		
(iii) सीआरएआर - टियर-IIपूंजी (%)		
(iv) टियर-II पूंजी के रूप में निर्मित गौण ऋण की राशि		
(v) बेमियादी ऋण लिखतों के निर्गम द्वारा निर्मित राशि		

3.2 रा.आ.बैंक अधिनियम, 1987 की धारा 29सी के तहत आरक्षित निधि

[₹ करोड़ में]

विवरण	चालू वर्ष	पिछला वर्ष
वर्ष के आरम्भ में शेष		
क) रा.आ.बैंक अधिनियम, 1987 की धारा 29सी के तहत सांविधिक आरक्षित निधि		
ख) रा.आ.बैंक अधिनियम, 1987 की धारा 29सी के तहत सांविधिक आरक्षित निधि के उद्देश्य हेतु आयकर अधिनियम, 1961 की धारा 36 (1)(viii) के तहत विचारित की गयी विशेष आरक्षित निधि की राशि		
ग) कुल		
वर्ष के दौरान परिवर्धन/विनियोजन/निकासी		
जोड़:		
क) रा.आ.बैंक अधिनियम, 1987 की धारा 29सी के तहत अंतरित राशि		
ख) रा.आ.बैंक अधिनियम, 1987की धारा 29सी के तहत सांविधिक आरक्षित के उद्देश्य हेतु आयकर अधिनियम, 1961की धारा 36 (1)(viii) के तहत विचारित की गयी विशेष आरक्षित निधि की राशि		
घटाएं:		
क) रा.आ.बैंक अधिनियम, 1987 की धारा 29सी के तहत आरक्षित निधि से विनियोजित राशि		

ख) रा.आ.बैंक अधिनियम, 1987 की धारा 29सी के तहत उपबंध के प्रयोजन को ध्यान में रखते हुए आयकर अधिनियम, 1961 की धारा 36 (1)(viii) के तहत विशेष आरक्षित निधि की आहरित राशि		
वर्ष के अंत में शेष		
क) रा.आ.बैंक अधिनियम, 1987 की धारा 29सी के तहत सांविधिक आरक्षित निधि		
ख) रा.आ.बैंक अधिनियम, 1987 की धारा 29सी के तहत सांविधिक आरक्षित निधि के उद्देश्य हेतु आयकर अधिनियम, 1961की धारा 36 (1)(viii) के तहत विचारित की गयी विशेष आरक्षित निधि की राशि		
ग) कुल		

3.9 निवेश

[₹ करोड़ में]

विवरण	चालू वर्ष	पिछला वर्ष
निवेशों का मूल्य		
(i) निवेशों का सकल मूल्य		
क) भारत में		
ख) भारत के बाहर		
(ii) मूल्यह्रास के लिए प्रावधान		
क) भारत में		
ख) भारत के बाहर		
(iii) निवेशों का निवल मूल्य		
क) भारत में		
ख) भारत के बाहर		
3.5.1. निवेशों पर मूल्यह्रास के प्रति धारित प्रावधानों का स्थलांतर		
(i) प्रारंभिक शेष		
(ii) जोडे: वर्ष के दौरान किए गये प्रावधान		
(iii) घटाये: वर्ष के दौरान अतिरिक्त प्रावधानों का अपलेख/प्रतिलेखन		
(iv) अंतिम शेष		

3.4. डेरिवेटिव्स

3.4.1. वायदा दर करार (एफआरए)/ब्याज दर स्वैप (आईआरएस)

[₹ करोड़ में]

विवरण	चालूवर्ष	पिछला वर्ष
(i) स्वैप समझौतों का काल्पनिक मूलधन		
(ii) यदि प्रतिपक्ष करारों के तहत अपने दायित्वों को पूरा करने में असफल रहता है तो होने वाली हानि		
